**SET – 2**

**Series : GBM/C**

कोड नं.
**Code No.** **67/2**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

collegedunia India's largest Student Review Platform

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***
*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

सामान्य निर्देश :

*(i)* *यह प्रश्न–पत्र दो भागों में विभक्त है – क और ख ।*
*(ii)* *भाग – क सभी के लिए अनिवार्य है ।*
*(iii)* *भाग – ख के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।*
*(iv)* *भाग – ख से केवल एक ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*
*(v)* *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper contains **two** parts **A** and **B**.*

*(ii)* *Part **A** is **compulsory** for all.*

*(iii)* *Part **B** has **two** options : Option – **I** Analysis of Financial Statements and Option – **II** Computerized Accounting.*

*(iv)* *Attempt only **one** option of Part **B**.*

*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

**भाग – क**

**PART – A**

(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**(Accounting for Partnership Firms and Companies)**

1. सम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन पर हुए लाभ अथवा हानि को साझेदार जिस अनुपात में बाँटते हैं उसका उल्लेख कीजिए । **1**

State the ratio in which the partners share the gain or loss on revaluation of assets and liabilities.

2. अंशों के 'निजी आबंटन' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Private Placement of Shares' ?

3. 'गुप्त ख्याति' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Hidden Goodwill' ?

4. आकाश, नवीन तथा ज़ैद एक फर्म के साझेदार हैं तथा 3:2:2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 1 सितम्बर, 2016 को ज़ैद का देहान्त हो गया । फर्म द्वारा उसके निष्पादकों को देय कुल राशि ₹ 60,000 थी । फर्म ने यह निर्णय लिया कि 1 सितम्बर, 2017 से तीन बराबर वार्षिक किश्तों में 6% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित उसे भुगतान किया जाए ।

ज़ैद के देहान्त के समय उपरोक्त लेनदेन का लेखा करने के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **1**

Akash, Naveen and Zaid are partners sharing profits in the ratio of 3:2:2. Zaid died on 1st September, 2016. The total amount owed by the firm to his executors was ₹ 60,000. The firm decided to pay him in three equal annual instalments carrying interest @6% p.a. beginning with 1st September, 2017. Pass the journal entry for recording the above transaction on the date of Zaid's death.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

5. ‘व्यवसाय की निरन्तरता’ के आधार पर साझेदारी के विघटन तथा साझेदारी फर्म के विघटन में अन्तर कीजिए। 1

Differentiate between dissolution of partnership and dissolution of a partnership firm on the basis of ‘continuity of business’.

6. क्या लाभ अनुपात में परिवर्तन से साझेदारी फर्म का विघटन हो जाता है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। 1

Does the change in profit sharing ratio result into dissolution of the partnership firm ? Give reason in support of your answer.

7. फीदासा लिमिटेड ने जनता को ₹ 100 प्रत्येक के 64,000 समता अंश ₹ 20 प्रति अंश के प्रीमियम पर प्रस्तावित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था : 3

आवेदन पर – ₹ 20; आबंटन पर – ₹ 40 (प्रीमियम सहित) तथा शेष प्रथम तथा अन्तिम याचना पर। जनता द्वारा 60,000 अंश अभिदत्त किए गए।

8000 अंशों के एक अंशधारक को छोड़कर, जिसने प्रथम तथा अन्तिम याचना राशी का भुगतान नहीं किया, सभी राशि प्राप्त हो गई। उसके अंशों का हरण कर लिया गया। फीदासा लिमिटेड के स्थिति विवरण में ‘अंश पूँजी’ दर्शाइए। ‘खातों के नोट्स’ भी तैयार कीजिए।

Fidasa Ltd. offered 64,000 equity shares of ₹ 100 each to the public at a premium of ₹ 20 per share. The amount was payable as ₹ 20 – on application; ₹ 40 (including premium) – on allotment and the balance on first and final call. 60,000 shares were subscribed by the public.

All the money was duly received except from a shareholder holding 8,000 shares, who failed to pay the first and final call money. His shares were forfeited. Show ‘Share Capital’ in the Balance Sheet of Fidasa Ltd. Also, prepare ‘Notes to Accounts’.

8. फरहान, हिना तथा डॉली एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2016 को साझेदारों की पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000; ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थी। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है। 5 अप्रैल, 2016 को डॉली का देहान्त हो गया। उस तिथि को :

(क) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 30,000 किया गया; तथा

(ख) मृत्यु की तिथि तक के लाभ में डॉली के भाग की गणना ₹ 200 की गई।

डॉली के उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए डॉली का पूँजी खाता तैयार कीजिए। 3



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Farhan, Hina and Dolly are partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. On 1st April, 2016 the capitals of the partners were : ₹ 5,00,000; ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. The firm closes its books on 31st March every year. Dolly died on 5th April 2016.

On that date :

(a) Goodwill of the firm was valued at ₹ 30,000, and

(b) Dolly's share of profit till the date of her death was calculated as ₹ 200.

Prepare Dolly's Capital A/c to be rendered to her executors.

9. सौरभ, मोहित तथा निखिल की फर्म की कुल पूँजी ₹ 1,00,000 है । पिछले तीन वर्षों का शुद्ध लाभ : 2013-14 ₹ 40,000; 2014-15 ₹ 46,000 तथा 2015-16 ₹ 52,000 था । 2014-15 में ₹ 3,000 की असामान्य हानि हुई । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय पर करना था । फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । 3

The total capital of the firm of Saurabh, Mohit and Nikhil was ₹ 1,00,000. The net profits for the last 3 years were : 2013-14 ₹ 40,000; 2014-15 ₹ 46,000 and 2015-16 ₹ 52,000. There was an abnormal loss of ₹ 3,000 in 2014-15. Goodwill of the firm was to be valued at 2 years purchase of the average profits of last three years. Calculate the goodwill of the firm.

10. मीको लिमिटेड ने ऑनारा लिमिटेड की ₹ 9,60,000 की सम्पत्तियों तथा ₹ 1,60,000 की देयताओं का ₹ 6,40,000 के मूल्य पर अधिग्रहण किया । ₹ 40,000 का भुगतान चार माह पश्चात् देय एक विनिमय-पत्र को स्वीकार करके तथा शेष का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 8% पूर्वाधिकार अंशों को 50% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया ।

मीको लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

Mico Ltd. took over the assets of ₹ 9,60,000 and liabilities of ₹ 1,60,000 of Aunara Ltd. for an agreed consideration of ₹ 6,40,000. ₹ 40,000 were paid by an acceptance payable after 4 months and the balance by issue of fully paid 8% Preference Shares of ₹ 100 each at a premium of 50%. Show the necessary Journal Entries for the above transactions in the books of Mico Ltd.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

11. सीमटो लिमिटेड ने ₹ 10 प्रति अंश के 6,000 अंशों को जो ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए गए थे ₹ 3 प्रति अंश की अंतिम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । हरण किए गये अंशों में से 300 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

अंशों के हरण तथा पुनः निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । साथ ही अंशहरण खाता भी तैयार कीजिए । **4**

Cemto Ltd. forfeited 6,000 shares of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 2 per share for the non-payment of final call of ₹ 3 per share. 300 of the forfeited shares were reissued for ₹ 8 per share as fully paid up.

Pass necessary journal entries for the forfeiture and re-issue of shares. Also prepare share forfeited account.

12. भाव्या तथा नमन हैदराबाद में टिफिन सेवा प्रदान करने वाली एक फर्म के साझेदार हैं । भाव्या ने देखा कि दिन के अन्त में बहुत सा खाना बच जाता है । अपव्यय को रोकने के लिए उसने सुझाव दिया कि इसे जरूरतमन्द व्यक्तियों में बाँट दिया जाना चाहिए, जबकि नमन चाहता था कि इसे अगले दिन प्रयुक्त किए जाने वाले खाने में मिला दिया जाए । नमन ने इसके पश्चात् सुझाव दिया कि यदि लाभ में उसके अंश को बढ़ा दिया जाये तो वह बचे हुए खाने के मुफ्त वितरण की परवाह नहीं करेगा । भाव्या इसके लिए सहर्ष तैयार हो गई । अतः उन्होंने तुरन्त प्रभाव से लाभ अनुपात को 1 : 2 के अनुपात में बदलने का निर्णय लिया । उस तिथि का सम्पत्तियों तथा देयताओं का पुनर्मूल्यांकन किया गया जिस पर ₹ 18,000 का लाभ हुआ । उस तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,20,000 किया गया ।

(क) उपरोक्त के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ख) उपरोक्त अनुच्छेद में प्रदर्शित किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख भी कीजिए । **4**

Bhavya and Naman were partners in a firm carrying on a tiffin service in Hyderabad. Bhavya noticed that a lot of food is left at the end of the day. To avoid wastage she suggested that it be distributed to the needy; Naman wanted that it should be mixed with the food being served the next day. Naman then gave a proposal that if his share in the profit is increased, he will not mind free distribution of left over food. Bhavya happily agreed. So, they decided to change their profit sharing ratio to 1 : 2 with immediate effect. On that date revaluation of assets and reassessment of liabilities was carried out that resulted into a gain of ₹ 18,000. On that date the goodwill of the firm was valued at ₹ 1,20,000.

(a) Pass necessary journal entries for the above in the books of the firm.

(b) State any two values highlighted in the above para.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

13. विघटन खाते में विविध सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को स्थानांतरित करने के पश्चात् 31 मार्च, 2016 को अनीता तथा रवि की फर्म के विघटन पर निम्न लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । वे लाभ–हानि 3 : 2 के अनुपात में बाँटते थे । **6**

(क) विघटन प्रक्रिया पूरी करने के लिए रवि को ₹ 23,000 वेतन मिलेगा । वह विघटन व्यय वहन करने के लिए भी तैयार हो गया । ₹ 10,000 विघटन व्ययों का भुगतान रवि ने फर्म की रोकड़ से किया ।

(ख) एक पुराने ग्राहक, अमीतेश जिसके ₹ 60,000 के खाते को पिछले वर्ष डूबत ऋण के रूप में अपलिखित कर दिया गया था, ने 90% का भुगतान किया ।

(ग) ₹ 40,000 के लेनदारों ने अपने दावे के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 38,000 का फर्नीचर लेना स्वीकार किया ।

(घ) भूमि तथा भवन को एक दलाल के माध्यम से ₹ 3,00,000 में बेचा गया जिसने 2% कमीशन लिया ।

(ङ) विज़न लिमिटेड के ₹ 40 प्रत्येक के 500 अंश थे, जिन्हें ₹ 22,000 की लागत पर खरीदा गया था व पुस्तकों से पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया था । इन अंशों का अब मूल्य ₹ 50 प्रति अंश है तथा इन्हें साझेदारों के मध्य उनके लाभ अनुपात में बाँट दिया गया ।

(च) विघटन पर ₹ 45,000 का लाभ हुआ ।

Give the necessary journal entries for the following transactions on dissolution of the firm of Anita and Ravi on 31st March 2016, after the various assets (other than cash) and the third party liabilities have been transferred to Realisation Account. They shared profits and losses in the ratio 3 : 2.

(a) Ravi was to get a remuneration of ₹ 23,000 for completing the dissolution process. He also agreed to bear realization expenses. Realisation expenses of ₹ 10,000 were paid by Ravi from the firm's cash.

(b) Amitesh, an old customer whose account for ₹ 60,000 was written off as bad debt in the previous year, paid 90%.

(c) Creditors of ₹ 40,000, accepted furniture valued at ₹ 38,000 in full settlement of their claim.

(d) Land and Building was sold for ₹ 3,00,000 through a broker who charged 2% commission.

(e) There were 500 shares of ₹ 40 each in Vision Ltd., acquired at a cost of ₹ 22,000 and had been written off completely from the books. These shares are now valued at ₹ 50 each and divided among the partners in their profit sharing ratio.

(f) Profit on realization was ₹ 45,000.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

14. मीता तथा ऊषा एक फर्म की साझेदार हैं तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटती हैं । 1 अप्रैल, 2015 को उनके पूँजी खाते क्रमशः ₹ 1,40,000 तथा ₹ 1,20,000 का शेष दर्शा रहे थे । वर्ष 2015-16 में मीता तथा ऊषा का आहरण क्रमशः ₹ 32,000 तथा ₹ 24,000 था । दोनों राशियों का आहरण 1 जनवरी, 2016 को किया गया था । बाद में यह ज्ञात हुआ कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अन्तिम खाते तैयार करते समय निम्न मदों को ध्यान में नहीं रखा गया : **6**

(क) पूँजी पर 6% प्रति वर्ष की दर से;

(ख) आहरण पर 6% प्रति वर्ष की दर से;

(ग) मीता को पूर्ण वर्ष के लिए ₹ 8,000 कमीशन देय था ।

अपनी कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए फर्म की पुस्तकों में एक शुद्धिकरण प्रविष्टि कीजिए ।

Mita and Usha are partners in a firm sharing profits in the ratio 2 : 3. Their capital accounts as on April 1, 2015 showed balances of ₹ 1,40,000 and ₹ 1,20,000 respectively. The drawings of Mita and Usha during the year 2015-16 were ₹ 32,000 and ₹ 24,000 respectively. Both the amounts were withdrawn on 1st January 2016. It was subsequently found that the following items had been omitted while preparing the final accounts for the year ended 31st March, 2016.

(a) Interest on capitals @ 6% p.a.;

(b) Interest on drawings @ 6% p.a.;

(c) Mita was entitled to a commission of ₹ 8,000 for the whole year.

Showing your workings clearly pass a rectifying entry in the books of the firm.

15. (क) 11% ऋणपत्रों के निर्गमन पर निम्न लेनदेन के लिए रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए : **6**

कीना लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 1,60,000 के 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के प्रीमियम पर किया । ऋणपत्रों का शोधन 10% के प्रीमियम पर करना है ।

(ख) ऋणपत्रों के शोधन पर रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) हरदेक लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 2,00,000, 12% ऋणपत्रों का शोधन 110% पर इन्हें ₹ 50 प्रत्येक के समता अंशों में परिवर्तित करके किया । समता अंशों को 10% के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था ।

(ii) ज़ेनीथ लिमिटेड ने तुरन्त रद्द करने हेतु स्वयं के ₹ 1,000 प्रत्येक के 840, 11% ऋणपत्रों का क्रय ₹ 1,004 प्रति ऋणपत्र किया ।

ऋणपत्र शोधन संचय, ऋणपत्र शोधन निवेश तथा ब्याज से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ नहीं करनी है ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

(a) Journalise the following transaction on the issue of 11% debentures :

Kina Ltd. issued ₹ 1,60,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 5% redeemable at a premium of 10%.

(b) Journalise the following transactions on redemption of debentures :

(i) Herdec Ltd. redeemed ₹ 2,00,000, 12% debentures of ₹ 100 each at 110% by converting them into equity shares of ₹ 50 each issued at a premium of 10%.

(ii) Zenith Ltd. purchased its own 840, 11% Debentures of ₹ 1,000 each at ₹ 1,004 per debenture for immediate cancellation.

Ignore entries for Debenture Redemption Reserve, Debenture Redemption Investments and Interest.

16. कादिर तथा रिषभ साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 31 मार्च, 2016 को उनका स्थिति विवरण नीचे दिया गया है : **8**

| देयताएँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| कादिर की पूँजी | 11,40,000 | भूमि तथा भवन | | 5,60,000 |
| रिषभ की पूँजी | 7,00,000 | संयंत्र तथा मशीनरी | | 6,00,000 |
| कामगार क्षतिपूर्ति संचय | 60,000 | स्टॉक | | 1,60,000 |
| लेनदार | 1,00,000 | देनदार | 6,00,000 | |
| | | घटा प्रावधान | 20,000 | 5,80,000 |
| | | बैंक | | 1,00,000 |
| | **20,00,000** | | | **20,00,000** |

1 अप्रैल, 2016 को कादिर तथा रिषभ ने सपना को एक नया साझेदार बनाने का निर्णय लिया । उनका नया लाभ अनुपात 3 : 2 : 5 था । सपना अपनी पूँजी के लिए ₹ 6,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद लाई ।

(क) सपना के ख्याति प्रीमियम के भाग का मूल्यांकन ₹ 30,000 किया गया ।

(ख) संयंत्र तथा मशीनरी का मूल्यांकन 125% पर किया गया ।

(ग) ₹ 30,000 के लेनदारों का लेखा नहीं किया गया था ।

(घ) कामगार क्षतिपूर्ति दावा ₹ 40,000 था ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

अथवा



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

कनिका, दिशा तथा कबीर साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31-3-2016 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| व्यापारिक लेनदार | 53,000 | बैंक | 60,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि | 47,000 | देनदार | 60,000 |
| कनिका की पूँजी | 2,00,000 | स्टॉक | 1,00,000 |
| दिशा की पूँजी | 1,00,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 2,40,000 |
| कबीर की पूँजी | 80,000 | लाभ–हानि खाता | 20,000 |
| | **4,80,000** | | **4,80,000** |

1-4-2016 को कनिका ने अवकाश ग्रहण किया । इस कार्य के लिए निम्न समायोजनों पर सहमति बनी :

(क) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अवकाश ग्रहण करने से पूर्व के तीन पूर्ण वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर किया गया । वर्ष 2013-14 का लाभ ₹ 1,00,000 तथा 2014-15 का लाभ ₹ 1,30,000 था ।

(ख) स्थायी सम्पत्तियों को ₹ 3,00,000 तक बढ़ाया जायेगा ।

(ग) स्टॉक का मूल्यांकन 120% पर किया जायेगा ।

(घ) कनिका को देय राशि का स्थानांतरण उसके ऋण खाते में कर दिया गया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

Qadir and Rishab are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2016 is given below :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Qadir's Capital | 11,40,000 | Land & Building | | 5,60,000 |
| Rishab's Capital | 7,00,000 | Plant & Machinery | | 6,00,000 |
| Workmen's Compensation Reserve | 60,000 | Stock | | 1,60,000 |
| Creditors | 1,00,000 | Debtors | 6,00,000 | |
| | | Less Provision | 20,000 | 5,80,000 |
| | | Bank | | 1,00,000 |
| | **20,00,000** | | | **20,00,000** |



collegedunia India's largest Student Review Platform

Qadir and Rishab decides to admit Sapna as a new partner from 1st April, 2016. Their new profit sharing ratio was 3 : 2 : 5. Sapna brought in ₹ 6,00,000 as her capital and her share of goodwill premium in cash.

(a) Sapna's share of goodwill premium was valued at ₹ 30,000.

(b) Plant and Machinery be valued at 125%.

(c) Creditors were unrecorded to the extent of ₹ 30,000.

(d) Claim on account of workmen compensation was ₹ 40,000.

Prepare Revaluation A/c., Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

**OR**

Kanika, Disha and Kabir were partners sharing profits in the ratio of 2 : 1 : 1. On 31-3-2016, their Balance Sheet was as under :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Trade creditors | 53,000 | Bank | 60,000 |
| Employees' Provident Fund | 47,000 | Debtors | 60,000 |
| Kanika's capital | 2,00,000 | Stock | 1,00,000 |
| Disha's capital | 1,00,000 | Fixed assets | 2,40,000 |
| Kabir's capital | 80,000 | Profit & Loss A/c. | 20,000 |
| | **4,80,000** | | **4,80,000** |

Kanika retired on 1-4-2016. For this purpose, the following adjustments were agreed upon :

(a) Goodwill of the firm was valued at 2 years' purchase of average profits of three completed years preceding the date of retirement. The profits for the year : 2013-14 were ₹ 1,00,000 and for 2014-15 were ₹ 1,30,000.

(b) Fixed assets were to be increased to ₹ 3,00,000.

(c) Stock was to be valued at 120%.

(d) The amount payable to Kanika was transferred to her loan account.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of the partners and the Balance Sheet of the reconstituted firm.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

17. बेनोलक पेंट्स ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,20,000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था : **8**

आवेदन पर – ₹ 3 प्रति अंश (₹ 1 प्रीमियम सहित)

आबंटन पर – ₹ 3 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 6 प्रति अंश (₹ 1 प्रीमियम सहित)

1,40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । सभी याचनाएँ माँग ली गई तथा प्राप्त हो गई, केवल शारवी को छोड़कर जिसने अपने आबंटित 6,000 अंशों पर आबंटन तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं किया । इन अंशों का हरण कर लिया गया । इसके पश्चात् हरण किए गये अंशों में से आधे अंशों को ₹ 33,000 में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए बेनोलक लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

अथवा

बॉयसन लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 54,000 अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर ₹ 50 प्रति अंश

आबंटन पर ₹ 10 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष

80,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 14,000 अंशों के आवेदकों को पूर्ण आबंटन कर दिया गया । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर 40,000 अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन तथा याचना पर देय राशि में कर लिया गया ।

विभोर, जिसके पास 1200 अंश थे, आवेदकों के उस वर्ग से सम्बन्धित था जिसे अंशों का पूर्ण आबंटन किया गया था, ने याचना राशि का भुगतान आबंटन के समय कर दिया । विदुर, आवेदकों के उस वर्ग से सम्बन्धित था, जिसे अंशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर किया गया था, ने अपने 400 अंशों पर आवेदन के पश्चात् कोई भुगतान नहीं किया । प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि के पश्चात् विदुर के अंशों का हरण कर लिया गया । बाद में सभी हरण किए गए अंशों को ₹ 110 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

जहाँ आवश्यक हो अदत्त याचना खाता तथा अग्रिम याचना खाता खोलकर उपरोक्त लेनदेनों के लिए बॉयसन लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Benolac Paints Ltd. invited application for issuing 1,20,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 3 per share (including premium ₹ 1)

On allotment – ₹ 3 per share.

On first and final call – ₹ 6 per share (including premium ₹ 1)

Applications for 1,40,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Over payments on application were adjusted towards sums due on allotment. All calls were made and were duly received except allotment and final call on 6,000 shares allotted to Sharvi. These shares were forfeited. Afterwards, half of the forfeited shares were re-issued for ₹ 33,000 as fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Benolac Paints Ltd.

**OR**

Bayson Ltd. invited applications for issuing 54,000 shares of ₹ 100 each payable as follows :

₹ 50 per share on application

₹ 10 per share on allotment

Balance on first and final call. Applications were received for 80,000 shares.

Full allotment was made to the applicants of 14,000 shares. The remaining applicants were allotted 40,000 shares on pro-rata basis. Excess money received with application was adjusted towards sums due on allotment and call.

Vibhor, holding 1,200 shares, who belonged to the category of applicants to whom full allotment was made, paid the call money at the time of allotment. Vidur, who belonged to the category of applicants to whom shares were allotted on pro-rata basis did not pay anything after application on his 400 shares. Vidur's shares were forfeited after the first and final call. All the forfeited shares were later on re-issued at ₹ 110 per share as fully paid up.

Pass the necessary journal entries in the books of Bayson Ltd. for the above transactions by opening calls in arrears and calls in advance account wherever necessary.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

भाग – ख

**PART – B**

विकल्प – I

**Option – I**

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**(Analysis of Financial Statements)**

18. ऐसी गतिविधि का कोई एक उदाहरण दीजिए, जो प्रत्येक प्रकार के उद्यम के लिए निवेश गतिविधि होती है । s**1**

Give any one example of an activity, which is an investing activity for every type of enterprise.

19. 'रोकड़ तुल्य' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Cash Equivalents' ?

20. (क) ब्याज तथा कर पश्चात् एक कम्पनी का शुद्ध लाभ ₹ 1,20,000 था । आयकर की दर 40% है । कम्पनी के ₹ 1,00,000 के 10% ऋणपत्र थे । **4**

ब्याज आवरण अनुपात की गणना कीजिए ।

(ख) एक कम्पनी से संबंधित निम्न सूचना से स्टॉक आवर्त अनुपात की गणना कीजिए :

आरम्भिक स्टॉक ₹ 20,000; अंतिम स्टॉक ₹ 22,000; क्रय ₹ 80,000; मज़दूरी ₹ 9,000; जावक भाड़ा ₹ 2,000; क्रय वापसी ₹ 1,000; प्रचालन से आय ₹ 80,000; आवक भाड़ा ₹ 4,000; किराया ₹ 5,000.

(a) The net profit after interest and tax of a company was ₹ 1,20,000; Rate of income tax is 40%. The company has 10% debentures of ₹ 1,00,000. Calculate interest coverage ratio.

(b) From the following information related to a company calculate inventory turnover ratio : Opening inventory ₹ 20,000; Closing inventory ₹ 22,000; Purchases ₹ 80,000; Wages ₹ 9,000; Carriage outwards ₹ 2,000; Returns outwards ₹ 1,000; Revenue from operations ₹ 80,000; Carriage inwards ₹ 4,000; Rent ₹ 5,000.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

21. 31 मार्च, 2015 तथा 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सन् लिमिटेड के निम्न लाभ–हानि विवरण से एक सामान्य आकार विवरण तैयार कीजिए : **4**

| विवरण | नोट क्रमांक | 2015-16 राशि (₹) | 2014-15 राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| प्रचालन से आय | | 30,00,000 | 20,00,000 |
| व्यय | | 12,00,000 | 10,00,000 |
| अन्य आय | | 3,60,000 | 4,00,000 |
| आयकर | | 50% | 40% |

From the following Statement of Profit and Loss of Sun Ltd., for the years ended 31st March, 2015 and 2016, prepare a Common Size Statement :

| **Particulars** | **Note No.** | **2015-16 Amount (₹)** | **2014-15 Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 30,00,000 | 20,00,000 |
| Expenses | | 12,00,000 | 10,00,000 |
| Other incomes | | 3,60,000 | 4,00,000 |
| Income Tax | | 50% | 40% |

22. (क) कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची III के अनुसार निम्न मदों को स्थिति विवरण के मुख्य शीर्षक तथा उप–शीर्षक (यदि है) में वर्गीकृत कीजिए : **4**

(i) अग्रिम प्राप्त आय; तथा

(ii) पूँजीगत अग्रिम ।

(ख) 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' की किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

(a) Classify the following items under Major Head and Sub-Head (if any) in the Balance Sheet of a company as per Schedule III of the Companies Act, 2013 :

(i) Income received in advance; and

(ii) Capital Advances.

(b) State any two limitations of 'Analysis of Financial Statements'.

23. निम्न सूचना से निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : **6**

| विवरण | 31 मार्च, 2015 (₹) | 31 मार्च, 2014 (₹) |
|---|---|---|
| डेल्को लिमिटेड के अंशों में निवेश | 26,00,000 | 16,00,000 |
| 11% दीर्घकालीन निवेश | 3,00,000 | 10,00,000 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 12,00,000 | 9,00,000 |
| ख्याति | 4,00,000 | 1,40,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

(i) डेल्को लिमिटेड से 10% लाभांश प्राप्त हुआ ।

(ii) ₹ 70,000 लागत की एक मशीन (जिस पर ₹ 10,000 का मूल्यह्रास लगाया गया था) का ₹ 60,000 में विक्रय किया गया । वर्ष में ₹ 50,000 का मूल्यह्रास लगाया गया ।

Calculate Cash Flows from Investing Activities from the following information :

| Particulars | 31st March 2015 (₹) | 31st March 2014 (₹) |
|---|---|---|
| Investments in Shares of Delko Ltd. | 26,00,000 | 16,00,000 |
| 11% Long term Investments | 3,00,000 | 10,00,000 |
| Plant and Machinery | 12,00,000 | 9,00,000 |
| Goodwill | 4,00,000 | 1,40,000 |

**Additional information :**

(i) 10% dividend was received from Delko Ltd.

(ii) A machine costing ₹ 70,000 (depreciation provided thereon ₹ 10,000) was sold for ₹ 60,000. Depreciation charged during the year was ₹ 50,000.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

भाग – ख

**PART – B**

विकल्प – II

**Option – II**

(अभिकलित्र लेखांकन)

**(Computerized Accounting)**

18. ‘क्वैरी’ द्वारा क्या सुविधा प्रदान की जाती है ? **1**

What facility is provided by a ‘Query’ ?

19. ‘ब्लॉक कोड’ का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by ‘Block Code’ ?

20. सामान्य रूप से उपलब्ध किन्हीं दो डी.बी.एम.एस. सॉफ्टवेयर के नाम दीजिए तथा डी.बी.एम.एस. के किन्हीं तीन लाभों को समझाइए । **4**

Give the names of two commonly available DBMS software and explain any three advantages of DBMS.

21. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के किन्हीं दो लाभों तथा किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । **4**

State any two advantages and any two limitations of computerized accounting system.

22. लेखांकन सॉफ्टवेयर के स्रोतीकरण से पूर्व ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं दो सामान्य (जेनेरिक) प्रतिफलों को समझाइए । **4**

Explain any two generic considerations before sourcing an accounting software.

23. उस सारणी का नाम दीजिए जो बड़ी राशि के आँकड़ों का तुरन्त सारांश करने की एक अन्योन्यक्रिया है । इसके पाँच लाभों का भी उल्लेख कीजिए । **6**

Name the table which is an interactive way to quickly summarize large amounts of data. Also state its five advantages.

---



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform